# Daily Current Affairs
# 07 July 2022



## Index


- मायगॉव राज्य का 18वां दृष्टांत
- हरियाली महोत्सव
- भारतीय परिषद तथा नेशनल स्टाक एक्सचेंज का संयुक्त सम्मेलन
- नैरोबी मक्खियाँ
- दलाई लामा
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (6 जुलाई 1901 - 23 जून 1953)
- 'मोदी एट ट्वेंटी: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक
- जूनियर फर्डिनेंड मार्कोस

# Important News: National

## 1. मायगॉव राज्य का 18वां दृष्टांत

**चर्चा में क्यों:**

- मायगॉव राज्य का 18वां दृष्टांत- मायगॉव गुजरात का शुभारम्भ किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- नागरिक केंद्रित इस मंच को 4 प्रमुख उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया है, जिसमें शामिल हैं-
  1. वर्षा जल की बचत और जल बचत के तरीके साझा करने के लिए चर्चा का मंच।
  2. ई-गवर्नेंस के माध्यम से सहज जीवन (ईज ऑफ लिविंग) पर चर्चा का मंच।
  3. स्वच्छता अभियान पर मतदान।
  4. डिजिटल सेवा सेतु पर ब्लॉग।
- नागरिकों को एक-दूसरे से जोड़ने वाले दुनिया के सबसे बड़े मंच मायगॉव को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 26 जुलाई 2014 को सरकार को आम आदमी के के साथ जोड़ने के विचार के साथ लॉन्च किया था।
- मायगॉव भारतीय युवाओं, विशेषकर देश के दूर-दराज के इलाकों में रहने वालों, के बीच लोकप्रिय लगभग सभी सोशल मीडिया मंचों पर भी उपलब्ध है जिसका उद्देश्य नागरिकों के विचारों और सुझावों को सरकार तक पहुंचना हैं।

**स्रोत: द हिंदू**

## 2. हरियाली महोत्सव

**चर्चा में क्यों:**

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा “आजादी का अमृत महोत्सव” की भावना के तहत 8 जुलाई, 2022 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में "हरियाली महोत्सव" का आयोजन किया जायेगा।



**प्रमुख बिंदु:**


- हरियाली महोत्सव - "वृक्ष महोत्सव" का आयोजन न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के जीवन को बनाए रखने बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य के साथ आयोजित किया जा रहा है।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा हरियाली महोत्सव 2022 का आयोजन इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने के लिए राज्य सरकारों, पुलिस संस्थानों और दिल्ली के स्कूलों के सहयोग से किया जायेगा।
- इस महोत्सव के हिस्से के रूप में देशभर के 75 नगर वनों, दिल्ली/एनसीआर के 75 पुलिस स्टेशनों एवं 75 स्कूलों की भागीदारी के साथ और विभिन्न राज्यों के 75 अवक्रमित वृक्षारोपण स्थलों पर समारोहपूर्वक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जायेगा।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

### 3. भारतीय परिषद तथा नेशनल स्टाक एक्सचेंज का संयुक्त सम्मेलन

**चर्चा में क्यों:**

- अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों पर अनुसंधान के लिए भारतीय परिषद तथा नेशनल स्टाक एक्सचेंज के संयुक्त सम्मेलन का केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा ग्वालियर से वर्चुअल शुभारंभ किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- देश के प्रमुख आर्थिक थिंक टैंकों में से एक आई.सी.आर.आई.ई.आर. व विश्व के सबसे बड़े एक्सचेंज, - एन.एस.ई. द्वारा "कृषि बाजारों का अधिकार प्राप्त करना" विषय पर परियोजना के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया हैं।
- सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य देश के किसानो को आर्गेनिक व प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभों से परिचित कराना है।
- भारत में अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, भारतीय परिषद तथा नेशनल स्टाक एक्सचेंज द्वारा आयोजित संयुक्त सम्मेलन का लक्ष्य किसानो की आय को बढ़ाना है तथा उन्हें खेती में प्रयोग होने वाली प्रद्यौगिकी से परिचित कराना है।

**स्रोत: पीआईबी**

## 4. नैरोबी मक्खियाँ

**चर्चा में क्यों:**



- नैरोबी मक्खियों के संपर्क में आने के बाद पूर्वी सिक्किम में लगभग 100 छात्र त्वचा संक्रमण से ग्रसित हो गए है।

**प्रमुख बिंदु:**


- नैरोबी मक्खियाँ पूर्वी अफ्रीका की स्थानिक कीट प्रजाति है, जिन्हें केन्याई मक्खियाँ या ड्रैगन बग के रूप में भी जाना जाता है।
- नैरोबी मक्खियाँ में दो प्रजातियों को शामिल किया जाता है-
    1. पेडरस एक्ज़िमियस।
    2. पेडरस सबियस।
- नैरोबी मक्खियाँ नारंगी तथा काले रंग की होते हैं जो उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में पनपती हैं तथा अधिकांश कीटों की तरह ये भी तेज़ रोशनी की ओर आकर्षित होते हैं।
- अतीत में अफ्रीका से बाहर भारत, जापान और पराग्वे जैसे देशों में भी नैरोबी मक्खियों के कई प्रकोप देखे गए हैं।

स्रोत: लाइवमिंट

# Important News: Personality

## 5. दलाई लामा

**चर्चा में क्यों:**



- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी गयीं।

**प्रमुख बिंदु:**


- दलाई लामा तिब्बती बौद्ध धर्म की गेलुग्पा परंपरा से संबंधित हैं, यह तिब्बत में सबसे बड़ी और सबसे प्रभावशाली परंपरा है।

- तिब्बती बौद्ध धर्म के इतिहास में अभी तक कुल 14 दलाई लामा हुए हैं, तथा पहले और दूसरे दलाई लामाओं को मरणोपरांत यह उपाधि प्रदान की गई थी।
- 14वें और वर्तमान दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो हैं।
- बोधिसत्व सभी संवेदनशील प्राणियों के लाभ के लिए बुद्धत्व प्राप्त करने की इच्छा से प्रेरित प्राणी हैं।
- दलाई लामा 1959 के तिब्बती विद्रोह के दौरान हजारों अनुयायियों के साथ तिब्बत से भारत आ गए, जहाँ उनका स्वागत पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री, जवाहरलाल नेहरू द्वारा किया गया, तथा उन्होंने उन्हें धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में 'निर्वासन में तिब्बती सरकार' बनाने की अनुमति प्रदान की।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

## 6. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (6 जुलाई 1901 - 23 जून 1953)

**चर्चा में क्यों:**



- 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गई तथा भारत के प्रधानमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

**प्रमुख बिंदु:**


- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को कलकत्ता में हुआ था।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे तथा वर्ष 1944 में उन्हें 'हिंदू महासभा' के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।
- वर्ष 1921 में डॉ. मुखर्जी ने कलकत्ता से अंग्रेज़ी में स्नातक किया तथा स्नातक करने के पश्चात, वर्ष 1923 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कलकत्ता से ही बंगाली भाषा और साहित्य में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की थी।
- वर्ष 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दिल्ली में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना की गयी थी।
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने के लिए मुखर थे तथा उन्होंने इसके लिए एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का नारा दिया था।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Important News: Books

### 7. 'मोदी एट ट्वेंटी: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक

**चर्चा में क्यों:**




- दिल्ली विश्वविद्यालय में 'मोदी एट ट्वेंटी: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक पर विशेष चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- 'मोदी एट ट्वेंटी: ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक मौजूदा प्रधानमंत्री की जीवनी नहीं है बल्कि एक ऐसी असाधारण किताब है, जिसे वर्तमान कैबिनेट के मंत्रियों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के अलावा कई क्षेत्रों के लोगों द्वारा मिलकर लिखा गया है।
- ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित और रूपा द्वारा प्रकाशित की गयी है।
- यह पुस्तक अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एन.एस.ए. अजीत डोभाल, इंफोसिस के नंदन नीलेकणी व सुधा मूर्ति, कोटक महिंद्रा बैंक के उदय कोटक तथा शटलर पीवी सिंधु सहित अन्य प्रतिष्ठित लोगों द्वारा लिखे गए 21 लेखों का संकलन है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Important News: Appointment

### 8. जूनियर फर्डिनेंड मार्कोस

**चर्चा में क्यों:**



- जूनियर फर्डिनेंड मार्कोस ने मनीला में फिलीपींस के 17वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।

**प्रमुख बिंदु:**

- जूनियर फर्डिनेंड मार्कोस ने राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते का स्थान लिया तथा रोड्रिगो दुतेर्ते की पुत्री सारा दुतेर्ते ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की।
- 64 वर्षीय मार्कोस को देश में महामारी, अत्यधिक महंगाई और बढ़ते कर्ज के बोझ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।
- फिलीपींस के संविधान में राष्ट्रपति का कार्यकाल छह वर्ष का होता है।
- भारत ने 1992 में लुक ईस्ट पॉलिसी की शुरुआत करते हुए आसियान के साथ साझेदारी में वृद्धि की जिसके फलस्वरूप फिलीपींस के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय संबंधों में भी गति आई।
- एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत भारत-फिलीपींस संबंधों में अधिक विविधता देखने को मिली है तथा वर्तमान में भारत का फिलीपींस के साथ एक सकारात्मक व्यापार संतुलन है।

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

BYJU'S EXAM PREP